BIHAR BOARD QUESTION PAPER

INTERMEDIATE EXAMINATION - 2014

इंटरमीडिएट परीक्षा - 2014

(ANNUAL / वार्षिक)

SOCIOLOGY

समय : 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

SECTION-A

I. निम्नलिखित प्रश्न संख्या 1 से 25 के चार उत्तर दिये गये हैं, जिनमें सिर्फ एक विकल्प (उत्तर) ही सही है। सही उत्तर को चुने

1. उपनिवेशवाद किस सोच का प्रतिफल है ?

(a) साम्राज्यवाद

(b) समाजवाद

(c) मानवतावाद

(d) अंतराष्ट्रीयतावाद

2. समाजशास्त्र का जनक कौन है ?

(a) दुर्खीम

(b) कॉम्ट

(c) सोरोकिन

(d) कूले

3. किसने कहा 'जाति एक बंद वर्ग है' ?

(a) मैकाइवर

(b) मजूमदार तथा मदान

(c) कूले

(d) रिजले

4. किसने यांत्रिक एकता एवं सावयवी एकता की अवधारणाओं का निरूपण किया है ?

(a) मैक्स वेबर

(b) पैरेटो

(c) मर्टन

(d) दुर्खीम

5. जनजातीय आंदोलन संबंधित है

(a) जाति से

(b) जनजाति से

(c) सम्प्रदाय से

(d) धर्म से

6. ब्रह्म समाज की स्थापना किसने की ?

(a) बाल गंगाधर तिलक

(b) राजा राममोहन राय

(c) महात्मा गांधी

(d) ईश्वरचन्द्र विद्यासागर

7. भारत में राजनीतिक दल को मान्यता कौन देता है ?

(a) राष्ट्रपति

(b) उच्चतम न्यायालय

(c) संसद

(d) चुनाव आयोग

8. भूमण्डलीकरण संबंधित है

(a) उदारीकरण से

(b) आधुनिकीकरण से

(c) पश्चिमीकरण से

(d) औद्योगीकरण

9. प्रभुजाति की अवधारणा देन है

(a) पी० एन० प्रभु का

(b) मजूमदार का

(c) रिजले का

(d) श्रीनिवास का

10. कृषक आंदोलन का जनक कौन हैं ?

(a) महात्मा गाँधी

(b) जवाहरलाल नेहरू

(c) सहजानन्द सरस्वती

(d) दयानंद सरस्वती

11. जनांकिकी विज्ञान है

(a) पर्यावरण अध्ययन का

(b) जनसंख्या अध्ययन का

(c) वन अध्ययन का

(d) जल अध्ययन का

12. भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की स्थापना किसने की थी ?

(a) महात्मा गाँधी

(b) मोतीलाल नेहरू

(c) राजेन्द्र प्रसाद

(d) ए. ओ. ह्यूम

13. मेधा पाटकर किस आंदोलन से जुड़ी हैं ?

(a) पर्यावरण आंदोलन से

(b) दलित अपेलन से

(c) किसान आंदोलन से

(d) छात्र आंदोलन से

14. भारतीय इतिहास के किस काल को भारतीय स्त्री जाति का 'काला युग' कहा जाता है

(a) ऋग्वैदिक काल

(b) उत्तर वैदिक काल

(c) ब्रिटिश काल

(d) मध्य काल

15. ग्रामीण एवं नगरीय समुदाय को पृथक करने का मुख्य आधार है

(a) जनसंख्या का आकार

(b) उपभोग की प्रकृति

(c) व्यवसाय की प्रकृति

(d) सामाजिक संबंध की प्रकृति

16. किस विद्वान ने सर्वप्रथम 'दबाव समूह' शब्द का प्रयोग किया ?

(a) मैक्स वेबर

(b) पीटर ऑडीगार्ड

(c) समनर

(d) टी. के उम्मन

17. भारतीय अर्थव्यवस्था का मॉडल किस प्रकार का है ?

(a) पूँजीवादी

(b) मिश्रित

(c) समाजवादी

(d) साम्यवादी

18. निम्न में से कौन जनजाति की विशेषता है ?

(a) सामान्य भू-भाग

(b) सामान्य भाषा

(c) सामान्य संस्कृति

(d) इनमें से सभी

19. किस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की स्थापना हुई ?

(a) 1918

(b) 1919

(c) 1941

(d) 1949

20. निम्नलिखित में से कौन एक सामाजिक समस्या है ?

(a) प्रेम विवाह

(b) नगरीकरण

(c) भिक्षावृत्ति

(d) आधुनिकीकरण

21. सती प्रथा के खिलाफ आवाज सर्वप्रथम किसने उठायी ?

(a) बाल गंगाधर तिलक

(b) रामकृष्ण परमहंस

(c) स्वामी विवेकानंद

(d) राजा राममोहन राय

22. 'आर्य समाज' की स्थापना किसने की ?

(a) दयानंद सरस्वती

(b) राजा राममोहन राय

(c) विवेकानंद

(d) अरविंद

23. किस समाजशास्त्री ने प्रजातंत्र का विरोध किया एवं फासीवाद का समर्थन किया ?

(a) पैरेटो

(b) कॉम्टे

(c) मार्क्स

(d) वेबर

24. निम्न में से कौन-सा नातेदारी में स्पष्ट रूप से नहीं आता है ?

(a) वंश परम्परा

(b) विवाह जन्य संबंध

(c) प्रस्थिति

(d) समकक्ष समूह

25. चिपको आंदोलन का संबंध किस राज्य से है ?

(a) उत्तर प्रदेश

(b) उत्तराखण्ड

(c) मध्य प्रदेश

(d) आंध्र प्रदेश

II. निम्नलिखित प्रश्न संख्या 26 से 30 में दो कथन, कथन (A) एवं कारण (R) दिये गये हैं। कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें एवं नीचे दिये गये चार वैकल्पिक उत्तरों में से जो सही प्रतीत हो, उसे चुनें

(a) (A) एवं (R) दोनों सही हैं तथा कथन (R), कथन (A) की सही व्याख्या है

(b) (A) एवं (R) दोनों सही हैं परंतु कथन (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) कथन (A) सही है, परन्तु कथन (R) असत्य है

(d) कथन (A) असत्य है, परन्तु कथन (R) सही है

26. कथन (A) : प्राथमिक समूह में व्यक्तियों के बीच आमने-सामने का संबंध होता है।
कारण (R) : प्राथमिक समूह छोटा होता है।

27. कथन (A) : जाति प्रथा में पेशा वंशानुगत होता है।

कारण (R) : जाति प्रथा समानता के सिद्धांत को पोषित करता है।

28. कथन (A) : भारत में लंबे समय तक उपनिवेशवाद रहा है।

कारण (R) : अंग्रेजी शिक्षा राष्ट्रवाद को जन्म दिया।

29. कथन (A) : परिवार का प्रमुख कार्य संतानोत्पत्ति है।

कारण (R) : परिवार की इकाई के रूप 'स्त्री' को नहीं माना जा सकता है।

30. कथन (A) : समाजीकरण एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।

कारण (R) : पास-पड़ोस समाजीकरण का एक अधिकरण है।

III. प्रश्न संख्या 31 से 34 तक में दो स्तंभ दिए गए हैं। स्तम्भ । में चार पद दिये गये हैं। आपको स्तम्भ II के विकल्पों में से सही मेल को चुनना है।

स्तम्भ-I	स्तम्भ-II
31. परिवार संबंध	(a) नातेदारी रीतियाँ
32. पश्चिमीकरण	(b) जाति व्यवस्था
33. समाज	(c) अमूर्त
34. अन्तर्विवाह	(d) एम. एन. श्रीनिवास

IV. नीचे एक उद्धरण दिया गया है। सावधानी से पढ़ें एवं नीचे दिए गये प्रश्नों के सही उत्तर दिये गये विकल्पों में से ही चुनें https://www.bsebstudy.com

35. उद्धरण : जाति ऐसे लोगों और परिवारों का समूह होता है, जो अपने को एक ही पूर्वज का वंशज मानते हैं और अपने सदस्यों का खान-पान, व्यवसाय, विवाह तथा सामाजिक संपर्क संबंधी नियमों एवं प्रतिबंधों का पालन करने पर विवश करते हैं।

I. जाति एक..... वर्ग है।

(a) बंद

(b) खुला

(c) (a) और (b) दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

II. जाति व्यवस्था में खान-पान पर

(a) प्रतिबंध नहीं होता है

(b) प्रतिबंध होता है

(c) (a) और (b) दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

III. जाति के बाहर विवाह की इजाजत जाति व्यवस्था नहीं देती।

(a) सत्य

(b) असत्य

(c) (a) और (b) दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

अथवा

निम्न प्रश्नों के एक से अधिक विकल्प सही हो सकते हैं। आप सभी सही विकल्पों को चुनें :

I. भारतीय जाति व्यवस्था में परिवर्तन के उत्तरदायी कारक हैं

(a) औद्योगीकरण तथा नगरीकरण

(b) धर्मनिरपेक्षता

(c) संयुक्त परिवार

(d) वंशानुगत पेशा

II. लैंगिक विषमता का संबंध है।

(a) सामाजिक मूल्यों से

(b) राजनीतिक मूल्यों से

(c) संस्कृति से

(d) अर्थव्यवस्था से

III. क्षेत्रवाद की समस्या का मूल कारण है

(a) भाषायी भिन्नताएँ

(b) सांस्कृतिक भिन्नताएँ

(c) आर्थिक भिन्नताएँ

(d) जैविकीय भिन्नताएँ

SECTION - B

इस खण्ड के प्रश्न लघु उत्तरीय कोटि के हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न तीन अंक का है :

1. पश्चिमीकरण से आप क्या समझते हैं ? I.
2. आदिम समाज में युवा गृह के महत्त्व का वर्णन करें।
3. एकाकी परिवार क्या है ?
4. नातेदारी की रीतियों की व्याख्या करें।
5. भूमण्डलीकरण से आप क्या समझते हैं ?
6. अनेकता में एकता से आप क्या समझते हैं ?
7. सामाजिक स्तरीकरण की संक्षिप्त चर्चा करें।
8. नव-उपनिवेशवाद क्या है ?
9. सीमांतीकरण का क्या अर्थ है ?
10. सामाजिक परिवर्तन में आर्थिक कारक की भूमिका क्या है ?

इस खण्ड के प्रश्न दीर्घ उत्तरीय कोटि के हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न छः अंक का है :

11. ग्रामीण समुदाय एवं नगरीय समुदाय में अंतर स्पष्ट करें।
12. जाति व्यवस्था बंद व्यवस्था है लेकिन वर्ग खुला व्यवस्था है। कैसे ?
13. क्षेत्रवाद पर लघु निबंध लिखें। https://www.bsebstudy.com
14. जनजातीय समाज की विशेषताओं पर प्रकाश डालें।
15. बिहार के विशेष संदर्भ में पंचायती राज व्यवस्था के गुण-दोषों की चर्चा करें।

https://www.bsebstudy.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से